(ख) इसके परिणामस्वरूप अब तक कितनी धनराशि की बचत की गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) चालू वर्ष में खर्च पर नियंत्रण और आमदनी बढ़ा करके परिचालन अनुपात में लगभग 2 प्रतिशत सुधार लाने के लिए रेलों पर कार्ययोजना शुरू की गई है । खर्च में कमी करने के लिए मुख्य उपाय नीचे दिये गये हैं :--

1. जनशक्ति योजना ।
2. भाप कर्षण को त्वरित गति से सेवा से हटाना ।
3. फालतू यार्डों को बंद करना ।
4. ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा अंकेक्षण ।
5. विशिष्ट ईंधन खपत में सुधार ।
6. सड़क वाहन, आदि के उपयोग में किफायत ।

सितम्बर, 1992 के अन्त में बजट अनुपातों की तुलना में संचालन व्यय लगभग 267 करोड़ रुपये की बचत दर्शाता है ।

उत्तर प्रदेश में रेल उपरिपुलों का निर्माण किया जाना

2525. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान 30 सितम्बर, 1992 तक उत्तर प्रदेश में कितने रेल ऊपरी पुल बनाए गए और ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वर्ष 1992--93 के दौरान जनता की मांग को पूरा करने तथा यातायात की भीड़-भाड़ से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश में और अधिक उपरिपुलों का निर्माण कराये जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) छः, गेशबाग लखनऊ में, गोंडा, गाजियाबाद, लखनऊ, (रिंग रोड पर 2 पुल) तथा मेरठ में ।

(ख) जी हां, ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर रेलवे में रेलवे स्टेशनों की आर्थिक क्षमता

2526. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर रेलवे के मंडलों के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों की आर्थिक क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और कौन-कौन से रेलवे स्टेशन आर्थिक रूप से अक्षम हैं; और

(ग) उन्हें आर्थिक रूप से जीवन क्षम बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Gauge conversion project

2527. SHRI KAMAL MORARKA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government have embarked on the "gauge conversions" projects on a large scale;

(b) if so, the details thereof;